"नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग" (छ.ग.)

क्रमांक : नराकास/ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता/2022/76 दिनांक : 26-04-2022

परिपत्र

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के प्रावधानों के तहत हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु नराकास संस्थान **"फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड"** द्वारा **"नराकास स्तरीय ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता"** का आयोजन किया जा रहा है, जो निम्न मापदंडों के तहत आयोजित होगी :-

(क)	**उद्देश्य**	:	1)	भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुपालन में सहयोग।
			2)	कार्मिकों को सरलता से हिंदी में कार्यालयीन कामकाज करने प्रोत्साहन।
			3)	स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन।
(ख)	**विषय**	:		1) सामान्य ज्ञान 2) पर्यावरण 3) स्वास्थ्य 4) साहित्य 5) कंप्यूटर एवं इन्टरनेट 6) खेल 7) महापुरुषों की जीवनी।
(ग)	**नियम**	:	1	प्रतियोगिता में नराकास वेबसाइट **www.narakasbhilai.in** पर जाकर भाग लिया जा सकता है। प्रतियोगिता में एक संस्थान से एक से अधिक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।
			2	प्रतियोगिता **दिनांक 30-04-2022 (शनिवार)** दोपहर **01:00 बजे से 01:15 बजे तक ऑनलाइन** माध्यम से संपन्न होगी।
			3	**ऑनलाइन प्रतियोगिता 15 मिनट के निर्धारित समय के बाद समाप्त हो जायेगी।**
			4	**कृपया 15 मिनट के भीतर सबमिट कर दें, ऑटो सबमिशन की व्यवस्था नहीं है।**
			5	**अंक समान होने पर सबमिशन के समय के आधार पर परिणाम निर्धारित किए जाएंगे।**
			6	प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मोबाइल/लैपटॉप/डेस्कटॉप का प्रयोग किया जा सकता है।
			7	प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। गलत उत्तर के अंक नहीं काटे जाएंगे, अर्थात निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।
			8	**क्विज़ में भाग लेने हेतु लिंक ई-मेल व व्हाट्सअप द्वारा सभी संस्थानों को भेजा जाएगा।**
			9	नराकास संस्थान प्रमुख को प्रेषित ई-मेल एवं नराकास व्हाट्सअप ग्रुप पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
(घ)	**पात्रता**	:		**नराकास संस्थानों के सभी नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी।**

पुरस्कार - शीर्ष क्रम में आने वाले प्रतिभागियों को निम्नानुसार पुरस्कृत किया जाएगा :-

प्रथम पुरस्कार (एक), द्वितीय पुरस्कार (एक), तृतीय पुरस्कार (एक), प्रोत्साहन पुरस्कार (पाँच)

अधिक जानकारी हेतु **नराकास सचिवालय** के दूरभाष क्रमांक 0788-2861017, 0788-2860682. 0788-2227877 एवं मोबाइल 9407983252 पर संपर्क किया जा सकता है।

26/4/2022

(सौमिक डे)

उप महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा)

भिलाई इस्पात संयंत्र, एवं

सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग

वितरण : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग के समस्त सदस्य संस्थान प्रमुख (ई-मेल द्वारा)।